☎ : 0522-2630106
: 0522-2630667 } (कार्या.)
: 0522-2630695
E-mail : jeecup@yahoo.in
jeecup17@gmail.com

# संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश

## 1 गुरू गोविन्द सिंह मार्ग, बाँसमन्डी चौराहा, चारबाग, लखनऊ

संख्या 721 संप्रपप / परी0अनु0–(ग्रुपL- निर्देश) / 2023 दिनांक 01 सितम्बर, 2023

सेवा में,

प्रभाग–प्रमुख,
ई–काउन्सिलिंग प्रभाग,
राष्ट्रीय सूचना केन्द्र, ए–ब्लाक,
सी0जी0ओ0 काम्पलेक्स, लोधी रोड,
नई दिल्ली–110003

**विषयः** पोस्ट डिप्लोमा इन इण्ड्रस्ट्रियल सेफ्टी पाठ्यक्रम (ग्रुप L) के अभ्यर्थियों हेतु निर्देशों को पोर्टल पर अपलोड किया जाना।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर अवगत करना है कि वर्ष 2023 की प्रवेश परीक्षा (पालीटेक्निक) हेतु ग्रुप L के पाठ्यक्रम पोस्ट डिप्लोमा इन इण्ड्रस्ट्रियल सेफ्टी से ऑनलाइन आवेदन शुल्क जमा कर आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर चुके अभ्यर्थियों की काउन्सिलिंग / साक्षात्कार तिथि 05.09.2023 निर्धारित है। अतः अभ्यर्थियों के काउन्सिलिंग / साक्षात्कार से पूर्व सम्बन्धित निर्देशों को अभ्यर्थियों के संज्ञानार्थ पोर्टल पर अपलोड किया जाना आवश्यक है।

तदक्रम में आपसे अनुरोध है कि ग्रुप L के पाठ्यक्रम पोस्ट डिप्लोमा इन इण्ड्रस्ट्रियल सेफ्टी हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर अभ्यर्थियों के काउन्सिलिंग / साक्षात्कार से सम्बन्धित संलग्न निर्देशों को पोर्टल पर अपलोड कराने का कष्ट करें।

**संलग्नकः– यथोपरि।**

भवदीय

(हस्ताक्षर) 01/09/2023
(संजय कुमार श्रीवास्तव)
सचिव

# संयुक्त प्रवेश परीक्षा (पालीटेक्निक)–2023

## ग्रुप–L (पोस्ट डिप्लोमा इन इण्ड्रस्ट्रियल सेफ्टी) के साक्षात्कार एवं काउन्सिलिंग हेतु निर्देश

वर्ष–2023 में ग्रुप–L के पाठ्यक्रम पोस्ट डिप्लोमा इन इण्ड्रस्ट्रियल सेफ्टी की काउन्सिलिंग के लिए अभिलेखों का परीक्षण, साक्षात्कार एवं संस्था आवंटन दिनांक 05.09.2023 को प्रातः 8:00 बजे से सायंकाल तक संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद के 1, गुरू गोविन्द सिंह मार्ग, बांसमण्डी चौराहा, चारबाग, लखनऊ स्थित कार्यालय में सम्पन्न कराया जायेगा।

काउन्सिलिंग हेतु प्रक्रिया एवं समय सारिणी निम्नवत् हैः–

1. काउसिलिंग में भाग लेने हेतु अभ्यर्थियों को वर्ष 2023 की ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा (पालीटेक्निक) में किये गये वैध आवेदन पंजीकरण के आधार पर दिनांक 05.09.2023 को **प्रातः 8:00 बजे** परिषद के **1, गुरू गोविन्द सिंह मार्ग, बांसमण्डी चौराहा चारबाग लखनऊ स्थित कार्यालय में** उपस्थित होना है।
2. वर्ष 2023 में ग्रुप–L के पाठ्यक्रम पोस्ट डिप्लोमा इन इण्ड्रस्ट्रियल सेफ्टी हेतु आवेदन शुल्क जमा करने के साथ ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर चुके 321 अभ्यर्थियों हेतु काउन्सिलिंग/साक्षात्कार की कार्यवाही दिनांक 05.09.2023 को पूर्ण करते हुये उसी तिथि को समाप्त की जायेगी। अतः अभ्यर्थी काउन्सिलिंग हेतु निर्धारित तिथि दिनांक 05.09.2023 को प्रातः 08:00 बजे परिषद कार्यालय **1, गुरू गोविन्द सिंह मार्ग, बांसमण्डी चौराहा चारबाग लखनऊ स्थित कार्यालय में** उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। पूर्वान्ह 11:00 बजे तक उपस्थित न होने की दशा में अभ्यर्थी को काउन्सिलिंग में प्रतिभाग करने का अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा।
3. अभ्यर्थी अपने साथ निम्नवत् मूल अभिलेख एवं अभिलेखों की दो छायाप्रतियाँ के साथ–साथ आंशिक प्रवेश शुल्क की धनराशि रू0 3000/– लेकर उपस्थित होंगे :–
   - न्यूनतम शैक्षिक अर्हता (इंजीनियरिंग डिग्री/डिप्लोमा अथवा भौतिक व रसायन विषयों के साथ स्नातक उपाधि) का अंकपत्र
   - अनुभव प्रमाण–पत्र (भारत/राज्य सरकार के विभाग/उपक्रम अथवा पब्लिक/प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी से निर्गत)
   - कार्यरत उद्योग/विभाग द्वारा नामित किये जाने का पत्र
   - वर्ग (ई0डब्लू0एस0/अन्य पिछड़ा वर्ग/अनुसूचित जाति/अनुसचित जनजाति) का नवीनतम प्रमाण–पत्र (यदि लागू हो)
   - उपवर्ग (दिव्यांग/सैनिक, आश्रित/स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित) का प्रमाण–पत्र (यदि लागू हो)
   - हाईस्कूल (10वीं) का प्रमाण–पत्र
   - 05 फोटोग्राफ
   - ➢ वर्ग एवं उपवर्ग के आरक्षण प्रमाण–पत्रों का प्रारूप वेबसाइट पर उपलब्ध है।
4. सभी अभ्यर्थियों के न्यूनतम अर्हता, कार्य अनुभव एवं उद्योग से नामित या अनुमति प्राप्ति सम्बन्धी अभिलेखों की जाँच की जायेगी।
5. अभिलेखों के सफल सत्यापन के बाद तत्समय उपलब्ध संस्थाओं की सीटों का विकल्प प्राप्त किया जायेगा। सम्भावित संस्थाओं एवं सीटों का विवरण वेबसाइट पर उपलब्ध है।
6. अर्ह अभ्यर्थियों की अभिरूचि ज्ञात करने के लिए साक्षात्कार हेतु गठित पैनल द्वारा अधिकतम 30 अंको में से 01 से 30 के मध्य अंक प्रदान किये जायेंगे। न्यूनतम 10 अथवा उससे अधिक अंक पाने वाले अभ्यर्थी प्रवेश हेतु अर्ह माने जायेगें।
7. अभ्यर्थियों की मेरिट लिस्ट के निर्धारण हेतु निम्नवत् अंक प्रदान किये जायेगें:–

   (क) न्यूनतम शैक्षिक अर्हता :–

2



01/09/2023

- इंजीनियरिंग/टेक्नालॉजी डिग्री + 02 वर्ष का अनुभव **अथवा**
  इंजीनियरिंग/टेक्नालॉजी डिप्लोमा + 05 वर्ष का अनुभव **अथवा**

  स्नातक (भौतिक एवं रसायन विषय) + 05 वर्ष का अनुभव — 20 अंक

**एवं**

- प्रत्येक अतिरिक्त अनुभव वर्ष के लिए (अधिकतम 30 अंक) — 05 अंक

(ख) अभ्यर्थी को नामित/स्वीकृति प्रदान करने वाले उद्योग की श्रेणी :–

- भारत/राज्य सरकार के विभाग — 20 अंक
- भारत/राज्य सरकार के उपक्रम — 17 अंक
- पब्लिक/प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी — 14 अंक

(ग) अभिरूचि साक्षात्कार — 30 अंक

**अधिकतम अंक — 100 अंक**

8. दिनांक 05.09.2023 को समस्त उपस्थित अभ्यर्थियों का साक्षात्कार समाप्त होने के बाद मेरिट सूची को अन्तिम रूप दिया जायेगा। इस मेरिट सूची के अनुसार, अभ्यर्थी के विकल्पों तथा आरक्षण नियमों का अनुपालन करते हुए दिनांक 05.09.2023 की सायं काल तक संस्था का आवंटन किया जायेगा।
9. आवंटन प्राप्त अभ्यर्थी पाठ्यक्रम के लिए निर्धारित संस्था प्रवेश शुल्क रू0 22,500/– में से आंशिक प्रवेश शुल्क की धनराशि रू0 3000/– साक्षात्कार के समय परिषद के खाता **संख्या–531401010929013 आई0एफ0एस0 कोड– UBIN0553140** में ऑनलाइन जमा करेगें। अभ्यर्थी द्वारा अवशेष शुल्क रू0 19,500/– आवंटित संस्था में सीधे जमा किया जायेगा।
10. आंशिक प्रवेश शुल्क जमा करने के उपरान्त प्रवेशार्थी को प्रोविजनल एडमिशन लेटर प्रदान किया जायेगा।
11. **अभ्यर्थी को दिनांक 14.09.2023 के पूर्व प्रोवीजनल एडमिशन लेटर व अन्य समस्त वांछित अभिलेखों के साथ आवंटित संस्था में स्वयं उपस्थित होकर प्रवेश की प्रक्रिया पूर्ण करनी आवश्यक होगी, अन्यथा अभ्यर्थी को आवंटित सीट निरस्त हो जायेगी।**
12. काउन्सिलिंग हेतु निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित न होने की दशा में पुनः काउन्सिलिंग/सीट आवंटन किया जाना सम्भव न होगा तथा इस हेतु अभ्यर्थी स्वयं उत्तरदायी होगा।
13. अभ्यर्थी के साक्षात्कार हेतु परिषद कार्यालय में उपस्थित होने के लिए कोई भी मार्ग व्यय/भत्ता इत्यादि देय नहीं होगा।

सचिव, 01/09/2023

संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद,

उ0प्र0, लखनऊ